# University in News on 24 October 2021

**HINDUSTAN PAGE 10**

## लखनऊ विवि में अब कल होगी प्रमाणपत्रों की जांच

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय म्में स्नातक प्रवेश के अंतर्गत बीए एनईपी फोर इयर प्रोग्राम में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है उन्हें एलाटमेंट पत्र, फीस रसीद एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ अटल ब्लाक के जियोग्राफी हॉल में सुबह 11 बजे उपस्थित होना होगा। इन अभ्यर्थियों को पहले 24 अक्तूबर को बुलाया गया था लेकिन अब इनके प्रमाणपत्रों की जांच सोमवार को होगी।

**तीन विषयों की मेरिट जारी**

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अंतर्गत शनिवार को एलएलएम, एमबीए, बीपीएड की मेरिट सूची जारी की गई। इन विषयों की प्रोविजनल मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में उपलब्ध है।

**30 नवंबर तक मार्कशीट जमा करें**

लखनऊ विवि के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चयनित हुए ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें अभी स्नातक की मार्कशीट नहीं मिली है, उन्हें इस शर्त पर प्रवेश दिया गया है कि वे स्नातक उत्तीर्ण की मार्कशीट 30 नवम्बर तक एडमिशन सेल में उपलब्ध करा देंगे। ऐसा न कर पाने की स्थिति में उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। विभाग में शपथ पत्र भी देना होगा कि वे 30 नवम्बर तक मार्कशीट दे देंगे।

## अब 25 अक्टूबर को होगा वेरीफिकेशन

LUCKNOW(23 Oct):लखनऊ यूनिवर्सिटी ने फोर इयर बीए कोर्स में एडमिशन के लिए डॉक्यूमेंट्स के वेरीफिकेशन डेट में बदलाव किया गया है. अभी तक एस, टी, यू, वी, डब्ल्यू, एक्स, वाई, जेड अल्फाबेट से जिन कैंडीडेंट्स का नाम शुरू होता है, उन्हें 24 अक्टूबर को अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया था. अब इन सभी कैंडीडेंट्स को 25 अक्टूबर को आवंटन पत्र, फीस रसीद आदि लानी होगी.

**i-NEXT PAGE VIII & 2**

## यूजी की मार्कशीट न होने पर पीजी में एडमिशन सशर्त

### 30 नवंबर तक एडमिशन सेल में जमा करना होगा अंक पत्र

LUCKNOW (23 Oct): एलयू ने परास्नातक में प्रवेश के लिए चयनित बहुत से अभ्यर्थियों को राहत दी है. मेरिट लिस्ट में चयनित ऐसे अभ्यर्थी जिनको अभी तक स्नातक परीक्षा का अंक पत्र नहीं मिला है, उन्हें परास्नातक में इस शर्त के साथ प्रवेश दिया जाएगा कि वह 30 नवंबर तक एडमिशन सेल में स्नातक उत्तीर्ण का अंक पत्र उपलब्ध करा दें अन्यथा उनका प्रवेश निरस्त समझा जाएगा. शनिवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है.

**कुलसचिव ने जारी किए निर्देश**

दरअसल, अभी स्नातक के बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिनको अंतिम वर्ष का अंक पत्र नहीं मिल पाया है. उन्होंने परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया था और मेरिट के आधार पर चयन भी हो गया. अब अंक पत्र न होने की वजह से समस्या खड़ी हो गई. अभ्यर्थियों ने प्रवेश सेल में जाकर अपनी समस्या बताई थी, जिसके बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका निदान किया.

CONCEPT PIC



**अभी स्नातक के बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिनको अंतिम वर्ष का अंक पत्र नहीं मिल पाया है. जिससे उनको काफी परेशानी हो रही है.**

### रिपोर्टिंग के समय मार्कशीट जरूरी

कुलसचिव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक परास्नातक प्रवेश की मेरिट में चयनित जिन अभ्यर्थियों को अंक पत्र नही मिला है, उन्हें सशर्त प्रवेश की अनुमति दे दी गई है. अभ्यर्थियों को स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर संबंधित विषय की अर्हता पूरी करते हुए निर्धारित तिथि तक अंक पत्र उपलब्ध करा दें. अभ्यर्थियों को इस आशय का शपथ पत्र भी विभाग में रिपोर्टिंग के समय प्रस्तुत करना होगा. प्रवेश सेल को भी फीस जमा करने से पहले प्रारूप में यह संशोधन कर अभ्यर्थी के लॉग इन आइडी से इस शर्तों की स्वीकृति लेने के लिए कहा गया है. इस पूरी व्यवस्था से स्टूडेंट्स को काफी फायदा होगा. गौरतलब है कि कोरोना काल में पढ़ाई को काफी नुकसान हुआ था. जिसके चलते स्टूडेंट्स काफी परेशान थे. सेशन भी काफी लेट हो गया था.

### पीजी के तीन कोर्सेज की मेरिट जारी

लखनऊ यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के अंतर्गत शनिवार को एलएलएम, एमबीए, बीपीएड की मेरिट सूची जारी की गई. इन विषयों की प्रोविजनल मेरिट सूची एलयू की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में उपलब्ध है.

**JAGRAN CITY PAGE III**

## प्रो. राजीव पांडेय को मिली डीन रिसर्च की जिम्मेदारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर डा. राजीव पांडेय को डीन रिसर्च की जिम्मेदारी सौंपी है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। अभी तक इस पद पर प्रो. मोनिषा बनर्जी कार्यरत थीं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिए। (जासं)

**AMRIT VICHAR PAGE 3**

## लविवि : तीन विषयों की मेरिट लिस्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अंतर्गत शनिवार को एलएलएम, एमबीए, बीपीएड की मेरिट सूची जारी की गई। इन विषयों की प्रोविजनल मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में उपलब्ध है।